नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय बकरी पालन पर प्रशिक्षण एवं भ्रमण का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन से पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ 23 से 25 जनवरी 2023 जो कि एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर एवम नाबार्ड की सहभागिता से संचालित किया गया, जिसका शीर्षक वैज्ञानिक पद्धति से बकरी पालन एवं प्रबंधन हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर ने अपने संबोधन में बकरी पालन से किसानों का देश

के विकास में योगदान विषय पर चर्चा की। सौम्या सिंह संचालक एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर जबलपुर ने किसानों को ट्रेनिंग का प्रारंभिक परिचय दिया साथ ही श्री अपूर्व गुप्ता जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड ने बकरी पालन में बैंक की भागीदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मैं पधारे श्रीमान उमेन्द्र सिंह, अग्रणी विकास प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर ने बकरी पालन पर उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनायों के बारे मैं पशुपालकों को अवगत कराया एवं कार्यक्रम में डॉ. आदित्य मिश्रा सह. प्राध्यापक ने बकरी पालन के लिए

किसानों को प्रोत्साहित किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा, किसानों की समस्याओं का निदान एवं सरकारी योजनायों की जानकारियां प्रदान की गयी, साथ ही कार्यक्रम के अंतिम दिवस में विश्वविद्यालय के बकरी पालन प्रक्षेत्र, आमानाला में भ्रमण के साथ प्रायोगिक जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा की गईं। जिसमें जबलपुर जिला के ग्रामीण अंचल के 28 किसान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन और समन्वय डॉ. रुचि सिंह, सहायक प्राध्यापक एवं प्रसार शिक्षा विभाग प्रभारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम को क्रियान्वयन में डॉ. रश्मि विश्वकर्मा, डॉ. प्रतिक्षा ठाकुर, डॉ. सौरभ शर्मा, श्री आशीष यादव और श्री विजय चौकसे का योगदान रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.विविजबलपुर